बड़ी बिल्लियाँ

जॉयस मिल्टन

चित्र: सिल्विया ड्यूरन



बड़ी बिल्लियाँ

जॉयस मिल्टन

चित्र: सिल्विया ड्यूरन



अफ्रीका में दोपहर का सूरज बहुत तेज़ होता है.

तब एक काँटेदार पेड़

तेंदुए के लिए झपकी लेने के लिए

एक ठंडी जगह होती है.

लेकिन वह ज़्यादा देर तक नहीं सोती.

तेंदुए को भूख लगी है.

उसे ज़ेबरा का एक झुंड दिखाई दिया.

ज़ेबरा को पता नहीं है कि तेंदुआ पास में है.

अपने धब्बों के कारण तेंदुए को

देखना मुश्किल होता है.



अब, चुपचाप, तेंदुआ ऊँची

घास के बीच से आगे बढ़ता है.

ज़ेबरा हवा को सूँघते हैं.

ख़तरा नज़दीक है!

वे सब भाग जाते हैं.



एक छोटे ज़ेबरा के लिए,

अब बहुत देर हो चुकी है.

तेंदुआ, ज़ेबरा को घसीटकर

पेड़ पर ले जाता है.

वह उसे वहीं खाएगी.

तेंदुए मांसाहारी होते हैं.

उन्हें ज़िंदा रहने के लिए शिकार करना होगा.

सभी बिल्लियों की तरह,

तेंदुए भी शिकार करने के लिए ही बने हैं.

उनके दाँत नुकीले होते हैं.

उनके लंबे, हुक जैसे पंजे होते हैं.

तेंदुआ हमला करते समय

अपने पंजों को बाहर निकालता है.

फिर उन्हें वापस अंदर खींच लेता है.

पंजे बाहर

पंजे अंदर

बिल्लियाँ तेज़ दौड़ सकती हैं,

लेकिन वे जल्द ही थक जाती हैं.

ज़्यादातर वे जानवरों के पास चुपके से पहुँचती हैं.

फिर वे अपने शिकार पर झपट पड़ती हैं!

रात में बिल्लियों के लिए

जानवरों को डराए बिना

उनके पास पहुँचना

ज़्यादा आसान होता है.





इसलिए तेंदुआ अक्सर दिन में सोता है

और सूर्यास्त के बाद ही

शिकार पर निकलता है.

बिल्लियाँ अंधेरे में

लोगों से कहीं बेहतर देख सकती हैं.

तेंदुए बड़ी बिल्लियाँ होती हैं.

बाघ भी बड़ी बिल्लियाँ होती हैं.

शेर, जगुआर, कौगर और चीते भी

बड़ी बिल्लियाँ होती हैं.

एक पालतू बिल्ली का वज़न

आमतौर पर 10 या 12 पाउंड होता है.

बड़ी बिल्लियों का वज़न सैकड़ों पाउंड तक हो सकता है.

दुनिया का यह नक्शा

दिखाता है कि बड़ी बिल्लियाँ कहाँ रहती हैं.

दुनिया की सबसे बड़ी बिल्ली

बाघ है.

एक नर बाघ का वज़न

600 पाउंड तक हो सकता है.



कुछ बाघ 7 फीट लंबे हो सकते हैं.

इसमें उनकी पूँछ शामिल नहीं है!

ज़्यादातर बाघ जंगल में रहते हैं.

हर बाघ का अपना शिकारगाह होता है.



बाघ छिपने में बहुत माहिर होते हैं.

आपको शायद कभी पता न चले

कि कोई बाघ आपके एकदम पास में है.

आप कैसे बता सकते हैं कि आप

बाघ के शिकारगाह में हैं?

आप पेड़ों पर पंजों के निशान देख सकते हैं.

बाघ के पंजों के निशान

दूसरे बाघों को दूर रहने की चेतावनी देते हैं.



बाघों के बारे में कई अजीब

और डरावनी कहानियाँ हैं.

कुछ लोग कहते हैं कि

एक पुरुष या महिला

वेयरटाइगर में बदल सकते हैं.

एक वेयरवुल्फ की तरह, एक वेयरटाइगर

रात में जंगल में घूमता है.

वो खाने के लिए इंसानों

की तलाश करता है.

वेयरटाइगर असली नहीं होते.

लेकिन कुछ बाघ नरभक्षी बन जाते हैं.

कभी-कभी बाघ इतने बूढ़े

और बीमार हो जाते हैं

कि वे जंगली जानवरों को पकड़ नहीं पाते.

लगभग सभी स्वस्थ बाघ

लोगों से दूर रहने की कोशिश करते हैं.



ज़्यादातर बड़ी बिल्लियाँ अकेली रहती हैं.

वे अकेली रहती हैं

और अकेले ही शिकार करती हैं.

लेकिन शेरों को एक-साथ रहना पसंद होता है.

वे अक्सर समूहों में रहते और शिकार करते हैं

समूह को प्राइड्स कहते हैं.

नर शेर के बाल घने और झबरा होते हैं.

उसका बड़ा अयाल दूसरे जानवरों के लिए

नर शेर को देखना आसान बनाता है—

फिर वे उसके रास्ते से दूर रहते हैं!

मादा शेर ज़्यादातर शिकार करती हैं.

नर शेर झुंड और घर की रक्षा करता है.

वह अजनबी शेरों से लड़ता है.

लेकिन अक्सर वह उन्हें अपनी

तेज़ दहाड़ से डराना पसंद करता है.

शेर की दहाड़ कहती है:

"मैं यहाँ हूँ! यह मेरा घर है!"

शेर दिन का ज़्यादातर समय आराम से बिताते हैं.

बड़े शेर झपकी लेते हैं.

शावक एक-दूसरे से लड़ने का नाटक करते हैं.

लेकिन शेर का जीवन हमेशा आसान नहीं होता.

साल के कुछ महीनों के लिए, मैदान सूख जाते हैं.

फिर पीने के लिए पर्याप्त पानी नहीं होता –

और शिकार करने के लिए जानवर नहीं होते.

कई शावक भूखे मर जाते हैं.

एक शेर को ज़िंदा रहने के लिए

मज़बूत और भाग्यशाली होना ज़रूरी है.

ज़्यादातर बिल्लियाँ पानी में जाना पसंद नहीं करतीं.

लेकिन जगुआर पानी में जाते हैं.

वे बहुत अच्छे तैराक होते हैं.

जगुआर, मछली भी पकड़ सकते हैं.

एक बड़ी बिल्ली नदी में खड़ी है.

एक मछली उसके पास से तैरती हुई गुज़रती है.



छपाक!

जगुआर अपने पंजे से उस पर ज़ोर से वार करता है.

फिर रात के खाने के लिए उसे मछली मिल जाती है!

जगुआर, तेंदुओं
जैसे ही दिखते हैं.

लेकिन उनके धब्बे

अलग होते हैं.

अमेरिका में शेर और बाघ नहीं होते.

लेकिन कुगर ज़रूर होते हैं.

यहाँ कुगर सबसे बड़ी बिल्ली है.



कुगर पहाड़ों में रहते हैं.

वे बहुत अच्छे कूदने वाले होते हैं.

कुगर बिल्ली के बच्चे, एक चट्टान से

दूसरी चट्टान पर कूदने का अभ्यास करते हैं.

कुगर के और भी नाम हैं -

पहाड़ी शेर...प्यूमा... या तेंदुआ.

जिस बिल्ली को

काला पैंथर कहा जाता है,

वह असल में एक तेंदुआ है.



कभी-कभी,

कुछ तेंदुए

काले शावकों को जन्म देते हैं.

पास से देखने पर आप देख सकते हैं

कि काले तेंदुए का फर

धब्बेदार होता है.

ये धब्बे काले रंग के अलग-अलग

शेड्स के होते हैं.

चीता भी एक और धब्बेदार बिल्ली है.

लेकिन वो तेंदुए और जगुआर से

अलग दिखता है.

वो पतला होता है.

और उसके पैर लंबे होते हैं.

दुनिया के सभी जानवरों में,

चीता सबसे तेज़ दौड़ता है.

वो 60 मील प्रति घंटे की रफ़्तार से दौड़ सकता है—

एक कार जितनी तेज़ी से.



सैकड़ों साल पहले,

भारत के राजा पालतू चीते रखते थे

और उनका इस्तेमाल शिकार

के लिए करते थे.

सभी बिल्लियाँ—

जंगल के बाघों

से लेकर

पालतू जानवरों तक—

कई मायनों में एक जैसी होती हैं.

उनकी जीभ खुरदरी होती है

सैंड-पेपर यानी रेगमाल की तरह.

उनके दाँत और पंजे तेज़ होते हैं.

पालतू बिल्लियाँ भी बड़ी बिल्लियों
जैसा ही, बहुत कुछ करती हैं.
वे खरोंचकर अपने पंजे तेज़ करती हैं.

उन्हें शिकार करना बहुत पसंद है.
कभी-कभी एक बिल्ली का बच्चा
सिर्फ झपटने के मज़े के लिए,
यह दिखावा करता है कि एक पुराना मोज़ा ज़िंदा है.

बड़ी बिल्लियों की तरह,
पालतू बिल्लियाँ भी बहुत
समय खुद को चाटकर
साफ़ करने में बिताती हैं.

उन्हें झपकी लेना पसंद है—
बिल्कुल बड़ी बिल्लियों की तरह.

और उन्हें भी झपकी लेना बहुत पसंद है.

जब एक पालतू बिल्ली खुश होती है

तो वह गुर्राती है.

क्या शेर और बाघ गुर्राते हैं?

हाँ, वे भी ऐसा करते हैं.

पालतू बिल्लियाँ दुकान से

खरीदा खाना खाती हैं.

यह उनमें और बड़ी बिल्लियों में

एक बड़ा अंतर है.

लोग पालतू बिल्लियों की देखभाल करते हैं.

बड़ी बिल्लियाँ हमेशा से

अपना ख्याल रखने में सक्षम रही हैं.

लेकिन आज, यह सब बदल रहा है.

शेर, बाघ और अन्य बड़ी बिल्लियों को
विस्तृत मैदानों और घने जंगलों
की ज़रूरत होती है.

लेकिन लोगों को भी ज़मीन की ज़रूरत होती है.
इसलिए जंगली जानवरों के लिए
जगह कम हो रही है.

कुछ देशों ने जंगली जानवरों के लिए

विशाल पार्क बनाए हैं.

दुनिया भर से पर्यटक वहां

बड़ी बिल्लियों को देखने जाते हैं.





क्या आज से सौ साल बाद भी

बड़ी बिल्लियाँ आज़ाद रहेंगी?

हाँ.

लेकिन तभी जब हम

बड़ी बिल्लियों के घरों को बचाने की परवाह करें.

बड़ी बिल्लियाँ

दुनिया की सबसे बड़ी बिल्ली कौन सी है?

क्या शेर और बाघ गुर्राते हैं?

पालतू बिल्लियाँ

बड़ी बिल्लियों की तरह कैसे होती हैं?

क्या आपने कभी

वेरीटाइगर के बारे में सुना है?

आप इस रोमांचक,

पढ़ने में आसान किताब में बड़ी बिल्लियों

के बारे में बहुत कुछ जान सकते हैं.